## कलेक्टर ने कहा कमजोर प्रगति पर वेतन कटौती से लेकर सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई होगी

# लापरवाही पर जवाबदेही तय कर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले को दो टूक निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाते हुए स्वास्थ्य सूचकांकों में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहन और सम्मान मिलेगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन एवं लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री तिवारी शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, सहायक कलेक्टर श्री श्लोक वायकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की समय पर पहचान, उपचार और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की निरंतर उपलब्धता पर विशेष जोर दिया।

नवविवाहित दंपत्तियों के विवाह पंजीयन तथा हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने के लिए जनपद स्तर पर प्रत्येक 15 दिवस में काउंसलिंग शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इन शिविरों की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक सोमवार को होने वाली समय-सीमा बैठक में की जाएगी।

### एएनएम पर निलंबन कार्रवाई

कलेक्टर ने बहोरीबंद विकासखंड के कुंआ प्रसव केन्द्र को प्रभावी रूप से संचालित करते हुए प्रतिमाह कम से कम 5 प्रसव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कारोपानी प्रसव केन्द्र में पदस्थ एएनएम शशि ठाकुर द्वारा आदेशों की अवहेलना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कार्य की समीक्षा कर प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रसव केन्द्र केवल भवन या संसाधनों तक सीमित न रहें, बल्कि वहां नियमित रूप से स्वास्थ्य



सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए।

### मातृ मृत्यु प्रकरणों का होगा ऑडिट, जिम्मेदारों को नोटिस

कन्हवारा विकासखंड में अधिक मातृ मृत्यु प्रकरण सामने आने पर कलेक्टर ने जिला स्तर से टीम गठित कर मातृ मृत्यु प्रकरणों का विस्तृत ऑडिट कराने के निर्देश दिए। संबंधित बीपीएम, बीसीएम एवं बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। ग्राम पडरियां की श्रीमती दिव्या कोल की मातृ मृत्यु के प्रकरण में अनमोल पोर्टल पर पंजीयन नहीं पाए जाने पर संबंधित एएनएम की एक वेतन वृद्धि रोकने तथा संबंधित सीएचओ का 7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

### सेवा समाप्ति की कार्रवाई

स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न इंडिकेटर्स में कमजोर प्रदर्शन को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। वीएचएनडी संचालन नहीं करने पर पूनम राय, सीएचओ, झिंझरी, बड़वारा, एनसीडी कार्यक्रम में न्यूनतम प्रगति पर पल्लवी कुलस्ते, सीएचओ, जमुआनीकला, बड़वारा तथा एएनसी पंजीयन कम होने पर लक्ष्मी कोल, एएनएम, खमतरा, ढीमरखेड़ा का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। एनसीडी एवं अनमोल पोर्टल पर शून्य एंट्री तथा दो माह से अनुपस्थित रहने पर पूजा बलेचा, सीएचओ, झिंझरी, ढीमरखेड़ा की सेवा समाप्ति की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी स्वास्थ्य सूचकांकों में कम प्रगति पर सारिका यादव, एएनएम, बड़गांव, रीठी को एक माह का अवैतनिक करने तथा सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई। इसी प्रकार सभी स्वास्थ्य इंडिकेटर्स में कमजोर प्रदर्शन पर प्रज्ञा मालवीय, सीएचओ, अमगवां, रीठी को 15 दिवस का अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सीधे आमजन के जीवन से जुड़ी है, इसलिए कार्य में लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जहां कमजोर प्रदर्शन पर कार्रवाई की गई, वहीं बेहतर परिणाम देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को कलेक्टर श्री तिवारी ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मानित होने वालों में एएनएम देवरी रैदास, संध्या सिसोदिया, रागनी नामदेव, कल्पना नामदेव, शिल्पी मिश्रा, अनुराधा सक्सेना एवं मंजुला वाल्टर तथा सीएचओ रश्मि नामदेव, राजकुमारी पटेल, प्रियंका ताम्रकार, रीता तिवारी, मो. रियाज खान एवं रीता सिंह शामिल रहे।

कलेक्टर ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

### 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था पर कलेक्टर सख्त, शिकायतों का तत्काल निराकरण जरूरी, अधिकारियों पर जताई नाराजगी

जिले में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा के दौरान उपकरणों की कमी एवं रखरखाव में लापरवाही के संबंध में प्रतिवेदन राज्य स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए। एम्बुलेंस के विलंब से पहुंचने की शिकायतों पर भी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराने को कहा गया। कलेक्टर ने 108 एम्बुलेंस जिला समन्वयक संतोष दुबे द्वारा बीएमओ सहित विकासखंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों के फोन अटेंड नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की हिदायत दी।उन्होंने वीएचएनडी दिवस पर ही पूर्ण टीकाकरण की शत-प्रतिशत पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### आटो से तस्करी, 72 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक इलेक्ट्रिक ऑटो से 8 पेटी (72 लीटर) गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि शराब सप्लाई करने वाले एक अन्य आरोपी को नामजद कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई 23-24 जुलाई की दरमियानी रात की गई। मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म क्रमांक-5 स्थित लाल ग्राउंड के पास घेराबंदी कर एक इलेक्ट्रिक ऑटो को रोका गया। तलाशी के दौरान ऑटो से 180 एमएल के 400 पाव (कुल 72 लीटर) गोवा अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब तस्करी के मामले में पकड़े गए ऑटो चालक ने अपना नाम आदित्य उर्फ प्रियांशु गुप्ता (23 वर्ष), निवासी डॉ. भीमराव चौक, थाना रंगनाथनगर, कटनी बताया। आरोपी शराब के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### जिला स्तरीय समिति गठित कर नामांकित किए अधिकारी

**कटनी।** ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं वित्तीय रूप से सशक्त बनाने एवं स्वयं के स्त्रोतों से राजस्व में वृद्धि हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक ओएसआर में वृद्धि के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी नामांकित किए हैं। सुश्री कौर ने आरजीएसए के जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार नामदेव को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं विकासखंड स्तर पर संबंधित विकासखंडों के आरजीएसए के बीसी को विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने ओएसआर पोर्टल के संचालन, रजिस्ट्रेशन एवं डाटा फीडिंग में आ रही समस्याओं एवं आवश्यक सहयोग हेतु सपन चतुर्वेदी ग्राम रोजगार सहायक को दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया है। जिला स्तरीय समिति के निर्देश एवं मार्गदर्शन में समस्त जनपद पंचायतें एवं ग्राम पंचायतें जारी आदेश में सात बिंदुओं में अंकित निर्देशों के मुताबिक पालन सुनिश्चित करेंगे।

### जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक कल

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक सोमवार, 27 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में आयोजित की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिला वन अधिकारी, केंद्रीय जीएसटी विभाग के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला औषधि निरीक्षक तथा सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट जबलपुर को बैठक में एजेंडा बिंदु की जानकारी सहित उपस्थित रहने के लिये कहा है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार, 27 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला सड़क सुरक्षा समिति कटनी की सचिव एवं कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह ने बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी, आयुक्त नगर निगम, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर सहित सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर पठरा सरपंच को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पठरा के सरपंच अशोक सिंह गौड़ को आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम कटनी एवं विहित प्राधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी ने मप्र पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 39 के तहत यह कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा द्वारा 21 जुलाई 2026 को भेजे गए पत्र एवं थाना बड़वारा से प्राप्त जानकारी के आधार पर सरपंच अशोक सिंह गौड़ के विरुद्ध अपराध क्रमांक 330/26, धारा 64(2) एम, 332बी, 2351(3) बीएनएस के तहत विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच भी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने अपने वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए सरपंच को पद से निलंबित करने का निर्णय लिया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

निलंबन आदेश के साथ ही प्रशासन ने आगे की प्रक्रिया भी तय कर दी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़वारा को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत पठरा में स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करें। वहीं पंचायत सचिव को भी नियमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला अस्पताल की ड्रेनेज व्यवस्था पर तत्काल काम शुरू करने के दिये निर्देश

**कटनी।** जिला अस्पताल की जल निकासी व्यवस्था को लेकर भी कलेक्टर आशीष तिवारी ने गंभीरता दिखाई। अस्पताल परिसर में जलभराव एवं अव्यवस्थित ड्रेनेज व्यवस्था को देखते हुए उन्होंने नेशनल हेल्थ मिशन के उपयंत्री को संपूर्ण ड्रेनेज सिस्टम को सुव्यवस्थित एवं कार्यक्षम बनाने का काम तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रारंभिक स्तर पर ड्रेनेज सुधार कार्य के लिए आवश्यक राशि जिला रोगी कल्याण समिति के मद से खर्च की जाएगी, ताकि काम में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। बाद में इस कार्य में हुए व्यय की प्रतिपूर्ति लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई एवं नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा 50-50 प्रतिशत की जाएगी। संबंधित विभागों से राशि प्राप्त होने के बाद जिला रोगी कल्याण समिति को खर्च की गई राशि वापस की जाएगी।

## युवाओं ने फारेस्टर वार्ड में किया विरोध प्रदर्शन



नीट परीक्षा से जुड़े विवाद और पेपर लीक के विरोध में शनिवार को कटनी में छात्रों और युवाओं ने प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए आह्वान के बाद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने हाथों में तिरंगा और विभिन्न मांगों से जुड़ी तख्तियां लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देशभर के छात्रों में परीक्षा व्यवस्था को लेकर असंतोष है और पारदर्शी जांच के साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को गंभीरता से सुना जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदर्शन स्थल सहित प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी गई। प्रशासन ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।

# ट्रक से बैटरी चोरी करने वाले तीन बदमाशों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निवार चौकी पुलिस ने ट्रकों से बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बैटरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व में चौकी प्रभारी निवार उपनिरीक्षक अंजनी मिश्रा ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई 2026 को एक फरियादी ने चौकी निवार पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खड़े ट्रक से अज्ञात बदमाश रात के समय बैटरी चोरी कर ले गए हैं। मामला दर्ज कर विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपियों में मोहित चौधरी (19) पिता शिवकुमार, दीपक चौधरी (20) पिता गोपाल चौधरी तथा सुनील कोल (24) पिता नरेश कोल, तीनों निवासी निवार पहाड़ी, थाना माधवनगर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बैटरी बरामद कर उन्हें धारा 303(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी निवार उपनिरीक्षक अंजनी मिश्रा, राजेश कोरी, कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक शुभम (593) एवं अरविंद की सराहनीय भूमिका रही।

*स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने के लिये विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण*

# विद्यार्थियों को जैविक खेती, कीटनाशक एवं जीरो बजट फार्मिंग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के रीठी विकासखंड अंतर्गत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुरुजीकला में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जैविक खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्य राजकुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को कम लागत वाली 'जीरो बजट फार्मिंग' की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी।



### पर्यावरण का भी संरक्षण

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जैविक खेती एक टिकाऊ कृषि पद्धति है, जिसमें रासायनिक उत्पादों के उपयोग को कम कर प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाया जाता है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होता है, बल्कि मृदा की उर्वरता और जलधारण क्षमता में भी वृद्धि होती है। विशेषज्ञ ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता में गिरावट आई है, जिसे जैविक खेती अपनाकर सुधारा जा सकता है।

### गोबर व गौमूत्र का बताया महत्व

विद्यार्थियों को जैविक खाद एवं कीटनाशकों के निर्माण और उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान देसी गाय के गोबर और गोमूत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इनमें प्रचुर मात्रा में सूक्ष्म जीवाणु एवं पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो फसलों की वृद्धि में सहायक होते हैं। साथ ही नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नियास्त्र तथा पंचपत्ती काढ़ा जैसे जैविक कीटनाशकों की जानकारी भी दी गई।

### रोजगार के बढ़ते हैं अवसर

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि जैविक खेती से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में व्यावसायिक शिक्षक छत्रेश देवकर का विशेष सहयोग रहा।

## "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नशा युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को नष्ट कर देता है, इससे बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत 2026" विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदन गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान कर औपचारिक शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सुरेश सोनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की प्राचार्य प्रो. डॉ. चित्रा प्रभात, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र बडखेड़कर, यूथ आइकन रचित मिश्रा एवं हेमंत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



### समाज को भी करें जागरूक

अपने उद्बोधन में उमेश मिश्रा ने कहा कि देश के युवाओं में राष्ट्र निर्माण की अपार क्षमता है। यदि युवा स्वयं नशे से दूर रहकर समाज को जागरूक करें, तो विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को विकसित भारत की आधारशिला बताया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को केंद्र में रखकर विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में बढ़ते कदमों का उल्लेख किया। प्रो. डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि युवाओं की सक्रिय सहभागिता के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने तथा "सेवा परमो धर्मः" के सिद्धांत पर चलने का आह्वान किया।

### समाज के लिये घातक

यूथ आइकन रचित मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशामुक्त रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। वहीं हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान आकाश एवं उनके साथियों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर प्रस्तुत नाट्य मंचन ने सभी को भावुक कर दिया और नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधुरी गर्ग ने किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं शैक्षणिक-अशैक्षणिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा जनजागरण फैलाने की शपथ ली।

## "हरित भारत अभियान" का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय मध्य प्रदेश के तत्वाधान में जिला स्तर पर "हरित भारत अभियान" के अंतर्गत वृक्षारोपण, संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह अभियान 25 जुलाई से 25 अगस्त 2026 तक जिले के समस्त विद्यालयों में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट श्री सच्चिदानंद पांडे के मार्गदर्शन में पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर कटनी नगर के विभिन्न विद्यालयों के 200 से अधिक स्काउट-गाइड कैडेट्स ने एक साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित कार्यशाला में प्रधानमंत्री की संकल्पना "मिशन लाइफ" के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। स्काउट-गाइड छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और ऊर्जा बचत जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों में संचालित स्काउट-गाइड दल पौधारोपण के साथ-साथ पूर्व में लगाए गए पौधों के संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित करेंगे। डीईओ सच्चिदानंद पांडे ने स्काउट-गाइड यूनिट लीडर्स से पौधारोपण करने एवं आमजन को पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आवाहन किया।

## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर युवक से नकदी लूटी, मोबाइल तोड़ा

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में सरेराह लूट की वारदात हुई। बेखौफ बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसकी गर्दन पर धारदार चाकू अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर लूटपाट की। जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक कुमार साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम बोरी, थाना शाहनगर हाल कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी में रह रहा है। बीती रात लगभग 10:40 बजे रंगनाथ नगर स्थित लक्ष्मी पान भंडार के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान स्थानीय आरोपी अभिषेक और उसके एक अन्य साथी ने एक राय होकर दीपक का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले तो पीड़ित के साथ बिना किसी उकसावे के गालियां दीं और रंगदारी मांगी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और जबरन जेब में रखे 1,200 नगद निकाल लिए तथा ब्लूटूथ हेडफोन भी छीन लिया। लूटपाट करने के बाद भी जब बदमाशों का मन नहीं भरा, तो उन्होंने पीड़ित दीपक का मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह पूरी तरह टूट गया। इसके बाद आरोपियों ने किसी को भी घटना की जानकारी देने पर जान से खत्म करने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने रंगनाथ नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला पंजीकृत किया गया है।

### 10 मवेशी और 7 श्वानों को हांका टीम ने पकड़ा

**कटनी।** नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी की हांका टीम का अभियान तेज कर दिया गया है। घुमंतू पशुओं के कारण सड़कों पर होने वाली असुविधा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विगत दिवस निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ने वृहद पकड़ अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों मुड़वारा स्टेशन के पास, डन कालोनी बरगवां, कोतवाली तिराहा माधवनगर गेट के पास चलाए अभियान के दौरान 10 गाय-बैल और वार्ड क्रमांक 32 सुजीत वंशकार सहित बरही रोड़ सोना बाझल गली में अभियान चलाकर 7 श्वानों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी 10 मवेशियों को कांजी हाउस तथा 7 श्वानों को एबीसी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन का कहना है कि घुमंतू मवेशियों के कारण मुख्य मार्गों पर जाम और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही खुले में घूमने वाले श्वानों से भी नागरिकों को परेशानी होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा ताकि शहर में सुगम यातायात और सुरक्षित वातावरण बना रहे।

### विशंभर मिश्रा का निधन

**विजयराघवगढ़।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 बिहारी जू वार्ड निवासी भाजपा जिला महामंत्री मनीष मिश्रा के दादा एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बसुधा मिश्रा के दादा ससुर विशंभर प्रसाद मिश्रा 98 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। शव यात्रा उनके निज निवास वार्ड क्रमांक 10 से स्थानीय मुक्तिधाम में पहुंची जहां क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों संबंधी जनों परिवार जनों एवं क्षेत्रीय जनों के साथ मुक्ति धाम में पहुंच कर विधि विधान से नंदकुमार मिश्रा द्वारा अपने पिता को मुखाग्नि दी गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए सुरेंद्र दुबे द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

### जिले में अब तक 321.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 25 जुलाई तक कुल 321.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्यव अवधि के दौरान जिले में 632.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 830.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है।

---

### बिजली, सड़क, जल निकासी और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से सुधारने के निर्देश

# लंबित कार्यों का निराकरण कर प्रगति की दें जानकारी, बेवजह विलंब पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि कटनी को औद्योगिक दृष्टि से और अधिक सशक्त एवं निवेशकों के लिए आकर्षक जिला बनाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उद्योगों की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक विभाग उद्योगों से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करे, ताकि औद्योगिक गतिविधियों को गति मिले और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की और विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्योगों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में जबलपुर एमपीआईडीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनिल राठौर, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर श्लोक वायकर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सुश्री ज्योति सिंह चौहान सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण कर प्रगति से अवगत कराया जाए। कलेक्टर ने लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय, पेयजल व्यवस्था, दिशा-सूचक साइन बोर्ड, क्षेत्र का मानचित्र एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित औद्योगिक क्षेत्र ही नए निवेश को आकर्षित करते हैं और उद्योगों के विस्तार का आधार बनते हैं।

बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा बिजली ट्रिपिंग, जल निकासी एवं खराब सड़कों की समस्याएं उठाई गईं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इमलिया रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण के लिए नगर निगम को शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश की नई औद्योगिक नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि जिले के अधिक से अधिक उद्यमी शासन की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

#### औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को औद्योगिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण, पौधरोपण, वॉल पेंटिंग, गार्डन विकास एवं सार्वजनिक स्थलों के उन्नयन में उद्योगों की सहभागिता का प्रस्ताव रखा गया। इस पर विभिन्न उद्योग संगठनों ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सहयोग का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन और उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय से ही कटनी को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

---



### क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी में जनशिक्षकों के पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस चरण में जिले के 43 जनशिक्षकों ने सहभागिता कर विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रबंधन संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान स्कूल मेंटरिंग, दीक्षा एवं स्वयं ऐप का प्रभावी उपयोग, टीम बिल्डिंग, अकादमिक नवाचार, इक्कीसवीं सदी के कौशल, आरपीडब्ल्यू एक्ट तथा प्रभावी स्कूल मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग ने कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु डाइट की कार्ययोजना से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

स्रोत समूह के सदस्य राजेन्द्र असाटी, राकेश सिननरकर, हेमंत सामल, गिरीश चंद्र मौर्य एवं पुष्पराज पटेल ने व्यावहारिक उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाया। प्रशिक्षण के दौरान डीएलएड पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं जनशिक्षकों के समूह बनाकर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण तैयार करने का अभ्यास कराया गया, जिससे वे आगामी बैठकों में इस कौशल का उपयोग कर सकेंगे।

इस अवसर पर सभी जन शिक्षा केंद्रों को कक्षा 6, 7 एवं 8 के लिए ई-मटेरियल फ्लेक्स के रूप में प्रदान किया गया, जिसे संबंधित केंद्र मुख्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पांडे, डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी एवं सीमेट भोपाल से श्रीमती नीतू शर्मा ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर इसकी गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की सराहना की।

---

### केन्द्रीय विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन

# शैक्षणिक गुणवत्ता और विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा, नवाचार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक शनिवार को समिति के मनोनीत अध्यक्ष एवं एसडीएम कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत-गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया।

बैठक के दौरान पिछली बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर हुई कार्यवाही एवं उनके क्रियान्वयन का विस्तृत प्रतिवेदन शिक्षक अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। मनोनीत अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों ने इस पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए।

बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, भौतिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य विकासात्मक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार अपनाने पर जोर दिया।

#### नवीन भवन निर्माण और पुस्तकालय स्थापना पर चर्चा

विद्यालय के नवीन भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए समृद्ध पुस्तकालय की स्थापना हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के संबंध में पुस्तकालयाध्यक्ष श्री अमित ठाकुर के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

#### दिए महत्वपूर्ण सुझाव

विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विद्यार्थियों के हित में कई रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी ने आश्वस्त किया कि सभी विकासात्मक कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ समयसीमा में पूर्ण किए जाएंगे।

---

### मथुरा वृंदावन तीर्थयात्रा के लिये यात्री हुये रवाना



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तहत शनिवार को कटनी जिले के 196 श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किया गया। यह ट्रेन कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से देर शाम 8:09 बजे रवाना हुई। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के प्रभारी एवं बहोरीबंद एसडीएम प्रदीप मिश्रा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने यात्रियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को निःशुल्क यात्रा, भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, उन्हें प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। शासन द्वारा यात्रियों के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाती है।

---

# युवक से 63 लीटर अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एनकेजे पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 34,560 रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, एएसपी कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि अग्रवाल का बाड़ा, मूंगाबाई कॉलोनी रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में शराब एकत्र कर रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राज निषाद (37) निवासी बाबा घाट, थाना एनकेजे, जिला कटनी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी तीन बोरियों से 161 पाव देशी लाल मसाला, 160 पाव देशी प्लेन तथा 29 पाव अंग्रेजी गोवा शराब बरामद हुई। कुल मिलाकर लगभग 63 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर शराब जब्त कर ली। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही 10 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र राजपूत, ,एएसआई सहपाल परतेती, प्रधान आरक्षक शैलेष दमोहिया, आरक्षक ओमशिव, अर्पित पटेल की भूमिका रही।

---

### नशे से दूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नागरिकों को नशे से दूरी बनाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिलेभर में ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रैली, जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण और प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों, श्रमिकों, ऑटो चालकों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।थाना बाकल पुलिस ने पुलिस स्टाफ, कोटवार एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशामुक्ति जागरूकता वाहन रैली निकालकर लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की।

थाना यातायात एवं रंगनाथ नगर पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन और कटनी साउथ स्टेशन पर ऑटो रिक्शा चालकों को जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवन का संदेश दिया।थाना कुठला में ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, जबकि थाना बरही पुलिस ने ग्राम बुजबुजा में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।

#### दुष्प्रभावों से कराया अवगत

थाना बहोरीबंद पुलिस ने जेपीजी मेमोरियल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वहीं गुरुकुल विद्या मंदिर, झिंझरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से अच्छे संस्कार अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। थाना कैमोर पुलिस ने एसीसी फैक्ट्री कैमोर में श्रमिकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की।कटनी पुलिस ने अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचाया कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

---

### नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

# विद्यालय से बाजार तक गूंजा स्वच्छता का संदेश, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कटनी को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में स्थापित करने के उद्देश्य से नगर पालिका निगम कटनी द्वारा जन जागरूकता अभियान को निरंतर गति दी जा रही है।

निगम प्रशासन के निर्देशन में सहयोगी संस्था विजन की आईईसी टीम द्वारा शहर के विद्यालयों, वार्डों एवं प्रमुख बाजारों में पहुंचकर स्वच्छता, कचरा पृथक्करण तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक कर रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-21 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल एवं एम.एस. मेमोरियल स्कूल में 'स्वच्छ हाथ गतिविधि' आयोजित की गई। विद्यार्थियों को हाथों की नियमित सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि स्वच्छ आदतें न केवल उन्हें बीमारियों से सुरक्षित रखती हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

#### कचरा पृथक्करण हेतु किया जागरूक

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-23 एवं 26 में चार बिन (4-बिन) आधारित कचरा पृथक्करण गतिविधि आयोजित कर नागरिकों को विभिन्न प्रकार के कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी गई। टीम ने घरों से ही कचरे का पृथक्करण करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।

#### दो वार्डों में चला विशेष जनसंपर्क अभियान

अभियान के अगले चरण में वार्ड क्रमांक-21 एवं 22 के गोल बाजार तथा लकी किराना स्टोर के समीप विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर आमजन एवं व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने, निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने तथा नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया।

नगर निगम प्रशासन ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। इसी उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि स्वच्छता जन आंदोलन का रूप ले और कटनी स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहर के रूप में नई पहचान स्थापित कर सके।

---

### जिले में 1618 किसानों से हुई 6622 क्विंटल से अधिक मूँग की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य जारी है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 1 जुलाई से प्रारंभ हुई खरीदी में जिले के 7 निर्धारित उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 1618 किसानों से कुल 6622.30 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी। ऐसे में शेष पंजीकृत किसान समय सीमा के भीतर अपनी उपज उपार्जन केंद्रों पर विक्रय कर सकते हैं।

समर्थन मूल्य पर सीडब्ल्यूसी परिसर इन्द्रानगर में 257 किसानों से 1239.50 क्विंटल, पंचमुखी वेयर हाउस (बड़वारा/बसाड़ी) में 346 किसानों से 1029.50 क्विंटल, जय रूपनाथ वेयर हाउस (बहोरीबंद/बचैया) में 103 किसानों से 497.50 क्विंटल, मारुति वेयर हाउस (कांटी/विजयराघवगढ़) में 358 किसानों से 1524.42 क्विंटल, ललित राज वेयर हाउस (बड़वारा/बहरी) में 85 किसानों से 431.50 क्विंटल, तिवारी ब्रदर्स वेयर हाउस (बहोरीबंद/ स्लीमनाबाद) में 40 किसानों से 179.50 क्विंटल तथा उप कृषि उपज मंडी उमरियापान (ढीमरखेड़ा/ पानउमरिया) में 429 किसानों से 1720.38 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है।

उपार्जित मूंग के सुरक्षित भंडारण के लिए परिवहन कार्य भी निरंतर जारी है। अब तक कुल खरीदी में से 4104 क्विंटल मूंग का परिवहन किया जा चुका है, जो कुल खरीदी का लगभग 61.97 प्रतिशत है। इस वर्ष एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता वाली मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रशासन द्वारा उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम पंचायत सर्रा-शाहनगर रोड पर भीषण सड़क हादसा, कई लोग घायल

**पन्ना।** ग्राम पंचायत सर्रा-शाहनगर मार्ग पर आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा उस समय हुआ जब ग्राम सुरु निवासी देवेंद्र कुमार आदिवासी ऑटो में गमी (मृत्यु संस्कार) के लिए छुलाई सवारी लेकर जा रहे थे। उसी दौरान महुआडोल से सारंगपुर जा रहे बाइक सवार लवकेश सिंह और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार लवकेश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पैर टूट गया। उनके साथ मौजूद रिश्तेदार के पैर और सीने में भी गंभीर चोटें आई हैं। बाइक पर एक गर्भवती महिला भी सवार थी, जिसे भी गंभीर चोटें लगी हैं। ऑटो में कई महिलाएं सवार थीं। हादसे में कंधी को गंभीर चोटें आईं, जबकि आमसिया आदिवासी सहित अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना के समय जयस संगठन के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल सिंह गोंडेला सारंगपुर जा रहे थे। उन्होंने दुर्घटना देखकर तत्काल वाहन रोककर ग्राम सर्रा के लोगों को मौके पर बुलाया तथा महुआडोल के ग्रामीणों को भी सूचना दी। इसके साथ ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई।

### सडक के गड्डों ने ली एक व्यक्ति की जान

**पन्ना।** बमीठा से पन्ना तक रोड की हालत प्रशासन की मिलीभगत का प्रमाण दे रही है पिछले 2 साल से हाइवे की मरम्मत न होने से सडक पर गए गड्डे हो गए है कई बार लोगो द्वारा शिकायत करने बाद पीछे 8 दिन पहले रोड की मरम्मत हुई ही थी की एक बारिश मे ही रोड पर फिर से गड्ढे हो गए।

## खमरिया कला की नन्ही देवरी में खेल मैदान पर कब्जे का आरोप

# खेल मैदान पर मक्के की फसल बच्चों का मैदान बना खेती का रकबा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**

शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित करने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन तेंदूखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत खमरिया कला के आश्रित ग्राम नन्ही देवरी में इस योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। यहां खेल मैदान के नाम पर बनाई गई भूमि पर अब मक्के की खेती की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मैदान पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी गई है, जबकि सरपंच और सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2017-18 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत करीब 4 से 5 लाख रुपये की लागत से खेल मैदान का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के बाद से आज तक यहां बच्चों को खेलने का अवसर नहीं मिला। मैदान का समतलीकरण नहीं कराया गया, न ही बाउंड्रीवाल, खेल सामग्री अथवा अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की गईं। वर्तमान में मैदान उबड़-खाबड़ स्थिति में है और उसके एक हिस्से में मक्के की फसल बो दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बच्चे आज भी खेल मैदान के अभाव में सड़कों, खाली प्लॉटों और खुले स्थानों पर खेलने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि खेल मैदान निर्माण में केवल औपचारिकता पूरी की गई और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य को कागजों में पूर्ण बताकर राशि का भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में कराए गए अन्य विकास कार्यों में भी अनियमितताएं हुई हैं। उनके अनुसार मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत कराए गए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अभाव है तथा कई मामलों में मशीनों से कार्य कराए जाने और मजदूरों के नाम पर फर्जीवाड़े की शिकायतें भी की गई हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद स्तर के अधिकारी निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिससे अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर स्थल निरीक्षण हो तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

#### इनका कहना है

एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने कहा कि यदि खेल मैदान पर कब्जा कर खेती की जा रही है या निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरपंच एवं सचिव को खेल मैदान से कब्जा हटाने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

## बिजली गुल से मुड़िया के बच्चे हलाकान

**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में विगत तीन दिनों से विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन कट कर दिया गया है जिसके कारण से इतनी भीषण गर्मी में स्कूल के छात्र परेशान हो रहे हैं साथ ही स्कूल की विद्युत मोटर ना चलने के कारण पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। विद्युत विभाग से संपर्क करने पर कहा गया कि विद्युत बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। जबकि गौरतलब है कि विद्युत बिल का भुगतान भोपाल ट्रेजरी कार्यालय के माध्यम से शासन स्तर से किया जाता है। इन सब में स्कूल के साथ-साथ बच्चों को इतनी गर्मी में परेशानी क्यों दी जा रही है इसमें इन मासूमों की क्या गलती। साथ ही कार्यालय का कार्य भी प्रभावित हो रहा हैं जिसके कारण वरिष्ठ कार्यालय द्वारा चाही गई जानकारी समय पर नहीं दी जा पा रही है।

## 425.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 425.4 मि.मी. अर्थात 16.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 240.6 मि.मी. अर्थात 9.5 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 666 मि.मी. अर्थात 26.2 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 654.4 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 376 मि.मी., हटा 531.6 मि.मी., जबेरा में 368 मि.मी. पथरिया 480 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 343.8 मि.मी, बटियागढ़ 224 मि.मी. तथा पटेरा में 654.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 0.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र बटियागढ़ 2.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## जेके सीमेंट ने हटा पुलिस को भेंट किए 15 ट्रैफिक बैरिकेड्स

### टीआई का किया सम्मान



**हटा।** सड़क सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए जेके सीमेंट ने हटा पुलिस थाना को 15 ट्रैफिक बैरिकेड्स भेंट किए। इस पहल का उद्देश्य नगर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बैरिकेड्स भेंट करने के अवसर पर हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी का भी पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। उपस्थितजनों ने कहा कि टीआई बेगी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हुए ₹देशभक्ति, जनसेवा₹ के मूल मंत्र को सार्थक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में जेके सीमेंट दमोह टीम की ओर से दीपक नामदेव (डीएमओ), मनीष तिवारी (एसई) एवं सजल जैन की उपस्थिति रही। वहीं हटा के अधिकृत डीलर्स ने भी इस जनहितकारी पहल में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। इनमें त्रिमूर्ति ट्रेडर्स दमोह के बीओ/सेल्स प्रमोटर वीरेंद्र साहू, कार्तिक एंड शिखर ट्रेडर्स के भरत साहू, मां चंडी सप्लायर्स के शैलेंद्र अग्रवाल सहित जेके सीमेंट डीलर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर हटा पुलिस ने जेके सीमेंट, उसकी दमोह टीम तथा सभी सहयोगी डीलर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रैफिक बैरिकेड्स यातायात संचालन को और अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में उपयोगी सिद्ध होंगे। इससे शहर में यातायात प्रबंधन बेहतर होगा और आम नागरिकों को भी सुविधा मिलेगी।उल्लेखनीय है कि जेके सीमेंट अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में लगातार योगदान देता रहा है। हटा पुलिस को ट्रैफिक बैरिकेड्स उपलब्ध कराने की यह पहल भी सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम है।

# बिजली बिल बकाया पर स्कूलों के कटे कनेक्शन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामने बढ़ीं समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**

विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद शिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा अंतर्गत कई प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं। लगातार हो रही इस कार्रवाई से विद्यालयों की व्यवस्थाएं प्रभावित होने लगी हैं। बिजली आपूर्ति बंद होने से शिक्षण कार्य, पेयजल व्यवस्था और विद्यालयों के दैनिक संचालन में कठिनाइयां सामने आ रही हैं। शनिवार को ईपीईएस सहजपुर का बिजली कनेक्शन भी विच्छेद कर दिया गया। विद्युत विभाग के अनुसार विद्यालय पर 35,351 रुपये का बिजली बिल बकाया था। निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर नियमानुसार विद्युत आपूर्ति बंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पंडाझिर का बिजली कनेक्शन भी 23 हजार,849 रुपये के बकाया बिजली बिल के कारण विद्युत विभाग द्वारा काट दिया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन शासकीय संस्थानों पर 10 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है, उनके विरुद्ध उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। विभाग का कहना है कि बकाया राशि जमा नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कनेक्शन विच्छेद किए जा रहे हैं। विद्यालयों में बिजली बंद होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात और उमस भरे मौसम में पंखे बंद रहने से कक्षाओं में पढ़ाई करना कठिन हो रहा है। इसके अलावा कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग भी प्रभावित हो गया है, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में बाधा आ रही है। कई विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था बिजली पर निर्भर होने के कारण समस्या और बढ़ सकती है। शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश शासकीय विद्यालयों के पास बिजली बिल के नियमित भुगतान के लिए पर्याप्त और स्थायी बजट उपलब्ध नहीं होता। यदि विद्यालयों को समय पर पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो बिजली बिल जमा करना मुश्किल हो जाता है। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई और विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं पर पड़ता है। विद्युत कंपनी के कनिष्ठ अभियंता प्रभात दुबे ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों पर अधिक राशि बकाया है, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। उनके अनुसार विद्यालयों को विभिन्न मदों से राशि प्राप्त होती है, इसलिए बिजली बिल का नियमित भुगतान किया जाना चाहिए। वहीं, बीआरसी पी.एल. अहिरवार ने बताया कि विद्यालयों के पास हर माह बिजली बिल जमा करने के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं रहती। उन्हें किसी विशेष अतिरिक्त फंड की जानकारी नहीं है। यदि कोई राशि स्वीकृत होती है तो उसका संचालन जिला स्तर से किया जाता है। उन्होंने कहा कि मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था बहाल कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विद्यालयों जैसी आवश्यक शैक्षणिक संस्थाओं के लिए ऐसा व्यावहारिक समाधान निकाला जाना चाहिए, जिससे विद्युत विभाग की राजस्व वसूली भी प्रभावित न हो और विद्यार्थियों की पढ़ाई, पेयजल, पंखे तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं भी बाधित न हों।

# आयुष्मान उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित



**सिंग्रामपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला कुसमी मानगढ़ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य तथा बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने, पौष्टिक भोजन ग्रहण करने, नियमित योग एवं व्यायाम करने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक श्री अनिल कुमार घोड़ेश्वर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार दुबे, अखिलेश सिंह, सौरभ ताम्रकार, सुरेंद्र कुमार एवं नारायण अहिरवार की सक्रिय भूमिका रही। अंत में विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# साइबर सिक्योरिटी जागरूकता अभियान आयोजित



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगपुर**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर में साइबर सिक्योरिटी जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मोबाइल एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया ठगी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि यदि उनके साथ या उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ इस प्रकार की कोई घटना होती है, तो घबराने के बजाय तुरंत संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उचित कार्रवाई करें। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या निकटतम साइबर पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहना सिखाना और उन्हें जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क पौधे वितरण कर किया वृक्षारोपण



**दमोह/बांसातारखेड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम हिनौता के उप स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक भव्य वृक्षारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। सराहनीय पहल क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी ऋषिराज सिंह परिहार द्वारा की गई, जिसमें ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एम.ओं. डॉ पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की वृक्ष हमारे जीवन का आधार है स्वास्थ्य और पर्यावरण का गहरा संबंध है। सागर नाका चौकी प्रभारी विक्रम सिंह दांगी ने इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि हर नागरिक को पर्यावरण सुधार के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस गरिमामय अवसर पर एएमओं दिनेश पटेल, सतीश विश्वकर्मा, अखिलेश क्षारी, महिला आरक्षक रचना विश्वकर्मा शाला के प्रधान अध्यापक व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में स्कूली बच्चों को पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई गई।

## एनसीसी भर्ती प्रक्रिया का सफलतापूर्वक आयोजन




**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में सत्र 2026-27 हेतु एनसीसी भर्ती प्रक्रिया का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। भर्ती प्रक्रिया में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न शारीरिक एवं चयन संबंधी परीक्षणों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी सागर के कर्नल प्रताप रंजन मोहंती ने किया। उन्होंने चयन प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा विद्यार्थियों को एक लक्ष्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ एनसीसी से जुड़कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कर्नल प्रताप रंजन मोहंती ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ आलोक कुमार जैन ने बताया कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। भर्ती प्रक्रिया का आयोजन सुव्यवस्थित एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चयन प्रक्रिया में सुबेदार मेजर राजकुमार, एनसीसी अधिकारी डॉ. के.एस.बामनिया, नायब सूबेदार दीपक कुमार गवई, हवलदार प्रशांत अटोने, प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने सफल आयोजन के लिए एनसीसी इकाई एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं।

# नशे से दूरी और वित्तीय जागरूकता से बनेगा सशक्त समाज : एसडीओपी अर्चना अहीर



**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण कोटा इंडिया फाउंडेशन द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यशाला एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें नशा मुक्ति एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि एसडीओपी श्रीमती अर्चना अहीर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार और समाज की खुशहाली के लिए नशे से दूरी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस के ₹नशा से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान की जानकारी देते हुए महिलाओं से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को नशे से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुणे ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने महिलाओं से किसी भी प्रकार के नशे, घरेलू हिंसा या अन्य सामाजिक अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत महिलाओं को बचत, बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, ऋण के सही उपयोग तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राजकुमार रोहित, आरक्षक विशाल, आरक्षक विजय एवं आरक्षक रौनक उपस्थित रहे वहीं ग्रामीण विकास समिति दमोह से क्रेडिट एक्सेस कंपनी के एरिया मैनेजर मदन भदौरिया रिजनल मैनेजर राजकुमार डोंगर धरमदास पाल, राजेश सिंह एवं ज्योति राव ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण कोटा क्षेत्र के सहयोग से किया गया, जिसके माध्यम से लगभग 200 महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण, वित्तीय अनुशासन अपनाने तथा परिवार और समाज के विकास में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# निःशुल्क सेल्फ मेकअप कार्यशाला में महिलाओं व बालिकाओं ने सीखे सौंदर्य एवं व्यक्तित्व निखार के गुर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**



महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से लीनेस क्लब मैत्री द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क सेल्फ मेकअप कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशु स्वर्णकार एवं अल्का मिश्रा रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक सेल्फ मेकअप की तकनीकों, त्वचा की देखभाल, उचित कॉस्मेटिक के चयन तथा आकर्षक व्यक्तित्व प्रस्तुति के व्यावहारिक प्रशिक्षण से अवगत कराया। कार्यशाला का विशेष आकर्षण एक बालिका का लाइव मेकअप डेमोंस्ट्रेशन रहा, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने मेकअप की बारीकियों को नज़दीक से समझा। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं एवं बालिकाओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कैटवॉक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सबसे सराहनीय पहल आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना रही। इसके साथ ही लीनेस क्लब की सदस्याओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने की कला सीखी। क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि महिलाओं का आत्मविश्वास ही उनकी वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि लीनेस क्लब मैत्री भविष्य में भी समाजहित एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा। प्रदेश डायरेक्टर रोजी बग्गा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को स्वयं को संवारने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देना है। आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मविश्वास एवं स्वरोज़गार की दिशा में आगे बढ़ाना क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशु स्वर्णकार एवं अल्का मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक महिला और बालिका को सीखने एवं आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ भविष्य में भी इस प्रकार की कौशल विकास एवं व्यक्तित्व संवर्धन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेगा। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, कौशल विकास एवं सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उपस्थित सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय रहा।

**खबर संक्षेप**

### 11वाँ प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन आज

**दमोह।** अखिल भारतीय असाटी वैश्य समाज महासभा द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के उद्देश्य से 11वाँ प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन आज राधिका पैलेस जबलपुर रोड दमोह किया जाएगा। समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय असाटी ने समाज के सभी बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सरकारी कर्मचारियों और कॉलेज छात्रों के लिए हेलमेट अनिवार्य- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में दोपहिया वाहन से आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था के पालन के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा निर्धारित अवधि के बाद यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी बिना हेलमेट के कार्यालय पहुंचता है तो उसके प्रवेश पर रोक लगाने सहित आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी निर्देशित किया जा रहा है कि वे विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर आने के लिए प्रेरित करें तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होने कहा जब शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी स्वयं हेलमेट पहनकर चलेंगे तो आम नागरिक भी उनसे प्रेरित होंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### बड़े हर्षोल्लास से श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया

**पथरिया**-गुरु पूर्णिमा महापर्व के पावन उपलक्ष्य में श्री चौमुखनाथ परम धाम आश्रम लखरोनी में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी जी महाराज ने अपने अमृतमय श्रीमुख से भगवान श्रीराम के दिव्य जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है तब-तब प्रभु लोककल्याण हेतु अवतरित होकर धर्म,सत्य और मर्यादा की पुनः स्थापना करते हैं। प्रभु श्रीराम के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर संपूर्ण कथा पंडाल जय जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष,मंगल बधाइयों, पुष्पवर्षा एवं भक्ति रस से सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु के जन्मोत्सव का आनंद लेते हुए दिव्य आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

### उद्घाटन के पहले ही मीट- मछली मार्केट का समापन हुआ

# नपा पर मीट-मछली मार्केट के निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार एवं अनिमितताओं का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सम्पूर्ण भारत वर्ष में घटिया नल जल योजना के निर्माण कार्य एवं इसके संचालन के लिये नगर परिषद हिण्डोरिया ने एक बार फिर मीट-मछली मार्केट निर्माण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार एवं अनियमितताऐं कर शासन-प्रशासन को लाखों का चूना लगा दिया है। उक्त नव निर्मित घटिया स्तर से बनी मीट-मछली मार्केट का बिना उदघाटन हुये ही पहली बरसात मे समापन हो गया है। नपा की इस किस्म की घटिया एवं गुणवत्ताहीन करतूत एवं संदिग्ध कार्यप्रणाली की वर्तमान में चारों तरफ थू-थू थैया हो रही है।

इस सम्बंध मे नपा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शेख असीम ने बताया कि नगर से लगभग 02 किलोमीटर दूर बांदकपुर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर दायीं तरफ तीसरे रिपटा के पास नगर परिषद ने अपने चहेते ठेकेदार के माध्यम से लगभग 15 लाख की लागत से नगरी निकाय की निधि से मीट-मछली मार्केट का गुपचुप तरीके से गुणवत्ता हीन एवं घटिया निर्माण कार्य कुछ दिन पूर्व ही कराया था। वर्तमान में उक्त घटिया निर्माण कार्य की पहली ही बरसात ने पूरी तरह से पोल खोल कर रख दी है। इस पूरे निर्माण कार्य मे उपयंत्री एवं ठेकेदार उपाध्याय की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। निर्माण कार्य मे स्थान चयन, आमजन की आवागमन सम्बधी दुविधाओं, तकनीकी पहलुओं एवं व्यवहारिक पक्ष का शायद बिल्कुल ध्यान नही रखा गया।नतीजातन आज नव निर्मित मार्केट की पूरी बाउंड्रीवाल नीचे से जगह जगह से बरसाती पानी ने तहस नहस कर दी है। निर्माण स्थल सड़क से लगभग 10 फीट नीचे था। अतः वहाँ मुरम आदि की पुराई तक पहले से नही की गई। इस कारण निर्माण स्थान के समीपस्थ से प्रवाहित पहाडी. नाले के बरसाती पानी ने बाउंड्रीवाल को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। आज पूरी मार्केट परिसर मे पानी, कीचड़ सहित ठसाठस भरा हुआ है। परिसर के फर्स को असमतल छोड़ दिया गया। उसे दुरूस्त नही किया गया है। ना ही उसमे सीसी एवं फर्सीकरण ही किया गया है।

टीन सेट भी बिना मापदण्डों के पालन एवं व्यवस्थित ढंग से नही बनाया गया है। वह भी थोडे. से हवा- पानी मे तहस नहस हो गया है। लगता है निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का किंचित मात्र भी ध्यान नही रखा गया। इस दौरान घटिया ईट, पत्थर, रेत, सीमेंट आदि का नियम के विरूद्ध बिना उसकी मात्रा को ध्यान में रखे निर्माण कार्य मे उपयोग किया गया। घटिया निर्माण की पोल खुलने पर जरूर आनन-फानन मे क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल की हकीकत को छुपाने कुछ मुरम बाउंड्रीवाल के इर्द गिर्द डलवा दी है। घटिया निर्माण कार्य को देखकर लग रहा है कि नपा की उपयंत्री एवं नपा अध्यक्ष व्दारा समय समय पर इसकी जाँच पड़ताल नही की गई। पूरा काम खुदा भरोसे अर्थात ठेकेदार के भरोसे छोड़ दिया गया था। उक्त लापरवाही का परिणाम आज सामने है। इस निम्न स्तरीय घटिया निर्माण की शिकायत जनप्रतिनिधियों ने नगरीय निकाय विभाग सागर के जेडी एवं ई साहब के अलावा कलेक्टर दमोह एवं जबाबदारों से की है।

नपा के वर्तमान सीएमओ राजेन्द्र खरे ने भी निर्माण स्थल का दौरा कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इस घटिया निर्माण के बारे मे अग्रिम कार्यवाही करने एवं मार्गदर्शन करने हेतु विधिवत सूचित कर दिया है। साथ ही ठेकेदार को नोटिस जारी कर भुगतान पर रोक लगा दी है। अब हम सबको देखना है कि इस मामले मे बिना राजनैतिक दबाव मे शासन प्रशासन एवं जबाबदार विभाग एवं अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

## यातायात पुलिस को भेंट किए 30 बैरिकेड



**दमोह।** दमोह जिले के यातायात थाना में शनिवार जेके सीमेंट और दमोह के सिंघानिया ट्रेडर्स ने मिलकर करीब 30 बैरिकेड भेंट किये इस दौरान पुलिस के आला अधिकारीयों और जेके सीमेंट से जुड़े हुए अधिकारियों और डीलर्स की मौजूदगी रही यातायात थाने में मौजूद सी एस पी एच आर पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए सिमरिया के जेके सीमेंट और दमोह के सिंघानिया ट्रेडर्स ने पुलिस व्यवस्थाओं में उपयोग होने वाले करीब 30 बैरिकेड यातायात पुलिस को दिए हैं ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके ऐसे ही बैरिकेड हटा थाने को भी भेंट किए जाएंगे दौरान मौजूद सिंघानिया ट्रेडर्स के नरेंद्र सिंघानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने सामाजिक सरोकारों को पूरा करते हुए अपनी पूरी टीम के साथ वे यातायात थाना पहुंचे हैं और ये बैरिकेट्स दिए हैं आगामी समय में पुलिस व्यवस्था में उपयोग होने वाले और भी जरूरी सामान वे पुलिस विभाग को भेंट करेंगे इस दौरान सी एस पी एच आर पांडे कोतवाली टी आई मनीष कुमार यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मारको को सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग में के लोग मौजूद रहे वहीं जे के सीमेंट से अधिकारी विशाल चौरसिया, दीपक नामदेव, सजल जैन व व्यापारियों मे सिंघानिया ट्रेडर्स, त्रिमूर्ति ट्रेडर्स के संचालक भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों का सम्मान भी किया गया।

## कुण्डलपुर में आज निर्यापक मुनि श्री समतासागर जी की होगी अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं विद्या शिरोमणि प.पू. आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के अज्ञानुवर्ति निर्यापक श्रमण प.पू.मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज ससंघ की होगी भव्य अगवानी। धर्मनगरी कुण्डलपुर कल एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है।इस अवसर पर सम्पूर्ण सकल जैन समाज में अपार उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण है। मंगल आगवानी शोभायात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। शोभायात्रा में मुड़िया बैंड की मधुर धुनें, महारानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में सुसज्जित 8 अश्वारोही वीरांगनाएँ, 14 बग्गियों पर सुशोभित धर्मध्वज एवं विभिन्न जैन समाजों की प्रतीकात्मक झांकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही देवरी अखाड़ा, बरेदी दल, ढिमरयाई, रमतूला दल, ग्वाल टीम पटेरा, दल-दल अश्व, गोरझामर दिव्य घोष सहित अनेक पारंपरिक एवं सांस्कृतिक दल अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाएँगे। विभिन्न स्थानों से आए बैंड एवं सांस्कृतिक दल इस भव्य आयोजन को और अधिक आकर्षक बनाएँगे। शोभायात्रा में दमोह नगर सहित हटा, बांदकपुर, बनवार, अभाना, नोहटा, जबेरा, सिंग्रामपुर, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, तारादेही, पथरिया, बांसा सहित अनेक नगरों एवं मंदिरों के महिला मंडल पारंपरिक वेशभूषा में धर्मध्वज, मंगल कलश एवं भक्ति भाव के साथ सहभागी बनेंगे। दमोह नगर के विभिन्न मंदिरों एवं क्षेत्रों के महिला मंडलों की विशाल सहभागिता इस आयोजन को अभूतपूर्व स्वरूप प्रदान करेगी। शोभायात्रा में कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी, मुनि सेवा समिति, ब्रह्मचारी भैया बहिन, पूर्णायु, हथकरघा के भैया, कुंडलपुर स्टाफ, गुरु संघ एवं देश के विभिन्न अंचलों से आए हुए भक्तगण, दमोह जिला जैन समाज सहित बुंदेलखंड जैन समाज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। हजारों श्रद्धालुओं के सहभाग से यह मंगल आगवानी धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होने जा रही है। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी एवं चातुर्मास समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र वासियों से विनम्र आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अनुशासन, श्रद्धा एवं भक्ति के साथ इस दिव्य मंगल आगमन के साक्षी बनें तथा पूज्य बड़े बाबा एवं मुनिश्री ससंघ के मंगल दर्शन एवं आशीर्वाद का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## आईटीआई कॉलेज की मांग को लेकर युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही शासकीय आईटीआई कॉलेज की मांग को लेकर युवाओं ने आंदोलन का रास्ता अपनाते हुए पुलिस थाना परिसर के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। युवाओं का कहना है कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की पर्याप्त शासकीय सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें समय और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धरने पर बैठे युवाओं ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर शासकीय आईटीआई कॉलेज नहीं होने के कारण उन्हें अन्य स्थानों पर प्रवेश लेना पड़ता है। कई आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी दूरी, आवागमन और अतिरिक्त खर्च के कारण तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में तेंदूखेड़ा में शासकीय आईटीआई कॉलेज की स्थापना क्षेत्र के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। आंदोलनरत युवाओं ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि तेंदूखेड़ा में शीघ्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) की स्वीकृति प्रदान कर उसका संचालन प्रारंभ किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। युवाओं का कहना है कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शासकीय आईटीआई कॉलेज शुरू होने से विद्यार्थियों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध होगा तथा क्षेत्र में कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। धरने पर बैठे युवाओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांग पर शासन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। युवाओं के इस आंदोलन को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिक भी तेंदूखेड़ा में शासकीय आईटीआई कॉलेज की स्थापना की मांग को क्षेत्र के विकास और युवाओं के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बता रहे हैं। ज्ञात होगी पूर्व में सास की आईटीआई कॉलेज तेंदूखेड़ा में थी लेकिन उसकी जगह एक निजी संस्थान को आईटीआई का चलने का है। प्लांट युवाओं ने प्रशासन से शीघ्र पहल कर तेंदूखेड़ा में शासकीय आईटीआई कॉलेज प्रारंभ करने की मांग पूरी करने की अपील की है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

## सम्मान दोगे तो सम्मान मिलेगा - मुनिश्री श्री सुश्रुत सागर जी

**दमोह।** घर को संभालने सुशील नारी चाहिए,पूजन करने के लिए अष्ट द्रव्य की थाली चाहिए। गुरु को पहचानने दीपावली चाहिए और मुक्तिपुरी को जाने के लिए भक्ति की गाड़ी चाहिए उक्त मंगल प्रवचन मुनिश्री श्री सुश्रुत सागर जी ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पांचवें दिवस श्री देव शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दमोह में श्रोताओं को संबोधित करते कहीं, उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि की पहचान गुणानुरागी से होती है। दमोह का अर्थ है मोह को दबाओ ड्रेस बदलने से कोई महान नहीं होता ,भाव बदलने से महान होता है। भाव का अभिप्राय यदि सम्यक है तो सिद्धत्व को प्राप्त होगा कभी किसी जीव के ऊपर अधर्म का कचरा मत फेंकना नीति कहती है, जैसा तुम अपने लिए चाहते हो, वैसा तुम्हें दूसरे के प्रति अच्छा सोचना पड़ेगा जो ऐसा करता है वही महावीर बन सकता है। आचार्य विद्यासागर बनने के लिए त्याग तपस्या के साथ दरियादिल बनना पड़ेगा इसलिए ज्ञानी को सम्मान देना सीखो, सम्मान दोगे तो सम्मान मिलेगा। मुनि श्री श्रुतेश सागर जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा पाप में डूबा जीव ऊपर नहीं, हमेशा नीचे जाता है। यदि गुरु के पास डांट मिलती है तो वह जीव। संभलकर ऊपर उठता है अर्थात सुधार लाने का प्रयास करता है। जल में अनंत जीव हैं फिर भी इस लोक में वनस्पति ज्यादा है अर्थात अनंत अनंत है भक्ति स्वयं की जाती है, जब भी मनुष्य का उत्थान होता है तो वह गुरु की वाणी से होता है। इसके पूर्व आज पूज्य मुनि श्री का पाद प्रछालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य श्री सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई एवं चक्रवर्ती परिवार दिनेश दिशा जैन कुबेर परिवार आस्था- आगम को प्राप्त हुआ आज द्रव्य समर्पित करने वालों में श्री सिंघई मंदिर कमेटी एवं महिला मंडल एवं श्री जबलपुर नाका मंदिर से डॉ आरके जैन और पूरी कमेटी उपस्थित थी।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति तथा डिजिटल जागरूकता विकसित करने के उद्देष्य से हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा सातवी से दसवी तक के विद्यार्थियो ने उत्साहवपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'डीपफेक सोषल मीडिया' रखा गया, जिस पर विद्यार्थियो ने पक्ष एंव विपक्ष में अपने विचार प्रभावषाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में विद्यालय के संचालक महोदय सुषील गुप्ता, श्रीमति सुनीता गुप्ता एंव षाला के प्राचार्य अजय मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने डीपफेक तकनीक के बढ़ते प्रभाव, इसके दुष्प्रभाव पर पक्ष और विपक्ष ने अपने-अपने विचार रखे और साइबर सुरक्षा, फर्जी सूचनाओं के प्रसार तथा इसके जिम्मेदार उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम के अतं में विद्यालय के संचालक महोदय ने अपने संबोधन में छात्रों का मार्गदर्षन करते हुए कहा कि हमें सोषल मीडिया का उपयोग सही तरीके से करना चाहिए। प्रतियोगिकता का मूल्यकांन ष्वेता दुबे एंव श्रीमति अनमोल तिवारी ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में किया। कार्यक्रम के अंत प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त षिक्षकों का सहयोग रहा।

## मरना कोई नहीं चाहता- उपाध्याय विशेषसागर

**पथरिया।** भगवान महावीर स्वामी ने अपनी दिव्य देशना में धर्म की परिभाषा करते हुए कहा था प्राणी मात्र के प्रति दया-करुणा करना, जीवों की रक्षा करना धर्म है मरना कोई नहीं चाहता सबको अपने प्राण प्यारे है खुद जियो और औरों को जीने दो उक्त उद्गार प.पू. विराग कीर्ति उपाध्याय श्री 108 विशेषसागर जी मुनिराज ने बड़े जैन मंदिर पथरिया में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा पद्म पुराण में कहा है



₹धर्म ही माता है पिता है, भाई-बहन है, मित्र है अधिक क्या कहें धर्म ही जीवन है₹। व्यक्ती धन संग्रह से नहीं धर्म से सुखी होता है। धन तो इसी भव में साथ रहता है पर धर्म अगले भव में भी साथ जाता है, धर्म के प्रभाव से रंक भी राजा, व भिखारी भी सम्राट हो जाता है आगम में उल्लेख है कि धर्म के प्रभाव से कुत्ता देव व अधर्म के प्रभाव से देव-इन्द्र भी कुत्ता हो जाता है,उपाध्याय श्री ने आगे कहा दो प्रकार के धर्म होते श्रावक धर्म व श्रमण धर्म, इस कलिकाल में श्रावकों को पुण्य कमाने का सबसे बड़ा साधन कोई है तो उसका नाम है संतों का समागम, संतों की भक्ति - आराधना, पंचम काल में साक्षात भगवान तो नहीं होते पर भगवान के प्रतिनिधि आचार्य, उपाध्याय व साधु परमेष्ठी होते हैं आप लोग सौभाग्यशाली को की पंचम काल में भी आपको चतुर्थ काल सम-साधना करने वाले सच्चे संतों का दर्शन प्राप्त हो रहा है यह इस काल का सबसे बड़ा चमत्कार है। यहाँ प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे से अभिषेक, 7.45 बजे से स्वाध्याय ,8.30 बजे से प्रवचन, दोप : 3.30 बजे से स्वाध्याय व श्याम 6.30 बजे से आचार्य भक्ति व आनंद यात्रा शुरू है समय पर पधार कर धर्म लाभ ले।

## अमोनियम नाइट्रेट नियमों की अनदेखी पर फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अमोनियम नाइट्रेट रूल-2012 के उल्लंघन को लेकर संबंधित फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रबंधन द्वारा नियमों के अनुरूप प्रतिमाह स्टॉक का मासिक रिटर्न प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। साथ ही नए लाइसेंस प्राप्त होने तथा सुरक्षा प्लान की जानकारी भी जिला प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराई गई। कलेक्टर श्री यादव ने कहा अमोनियम नाइट्रेट से संबंधित गतिविधियों की नियमित जानकारी प्रशासन को देना अनिवार्य है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना की स्थिति में समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। नियमों का पालन नहीं किए जाने पर संबंधित फैक्ट्री प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है, उन्होंने कहा संबंधित पक्ष से पूछा गया है कि नियमों की अनदेखी क्यों की गई। जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा इन इकाइयों को लाइसेंसिंग अथॉरिटी नागपुर से लाइसेंस जारी करती है, लेकिन स्टॉक की स्थिति, नए लाइसेंस और सेफ्टी प्लान की जानकारी जिला प्रशासन को भी उपलब्ध कराना आवश्यक है, जो अब तक प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने कहा प्रशासन के संज्ञान में आया है कि जगथर और सतपारा क्षेत्र में विस्फोटक लाइसेंस अथवा संबंधित गतिविधियों की अनुमति होने के बावजूद इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं दी गई। इसी के चलते संबंधित संस्थान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जबेरा में अवैध शराब पर शिकंजा, 24 घंटे में दूसरी कार्रवाई से हड़कंप



**बनवार।** जबेरा क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा चलाई जा रही मुहिम असर दिखाने लगी है। महज 24 घंटे के भीतर लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई में कुल 7 पेटी अवैध शराब जब्त किए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुलाई की रात करीब 8 बजे संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से बंसीपुर निवासी दो आरोपियों के कब्जे से 3 पेटी अवैध शराब जब्त करवाई। इसके बाद अगले ही दिन 25 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे ग्राम पिपरिया जुगराज के तालाब के पास 4 पेटी अवैध शराब मोटरसाइकिल सहित पकड़ी गई। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से यह साफ संकेत मिल रहा है कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जबेरा की शराब दुकान से गांव-गांव अवैध सप्लाई की जा रही है। इस मामले में संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग करते हुए संबंधित शराब दुकान के ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, कार्रवाई के दौरान संगठन कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए गतिविधियों को संदिग्ध बताया, जबकि पुलिस का कहना है कि गाड़ी रोककर जब्त शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही थी और पूरी कार्रवाई नियमों के तहत की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**पथरिया।** कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ प्रियंका छाबडा एवं डॉ अनामिका खरे द्वारा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में कुल 84 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं स्वास्थ्य सबंधी परामर्श प्रदान किया गया जिसमें 57 हाईरिस्क एवं 27 सामान्य गर्भवती महिलाओं शिविर मे आई। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग पथरिया के सहयोग से कुपोषित एवं उच्च जोखिम बाले बच्चे को चिहित कर सीएचसी लाया गया उन बच्चों की रिकनिग कर एवं उनमें दो बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराने के साथ-साथ बच्चों में बीमारी एवं कुपोषण की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार एव पोषण सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में अलग से एक काउंटर बनाकर गर्भवती महिलाओं की डीबीटी एवं केवाईसी एवं आधार ऑथेन्टीकेशन की स्थिति की जांच की गई जो कि शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना एवं जननी सुरक्षा योजना की सहायता राशि की पात्रता हेतु आवश्यक है जिससे सस्था की सीएम हेल्पलाइन पर कम की जा सकती जिस शिविर में गर्भवती महिलाओं को अपने बैंक खाते में डीबीटी एवं केवाईसी करवाने की जानकारी दी गई एवं खाते में आधार ऑथेन्टीकेशन की स्थिति की जाँच सस्था में की गई। इस अवसर पर सीबीएमओं डा जतिन दुबे, परियोजना अधिकारी राजकुमार लड़िया सहित स्टाफ उपस्थित रहा।